Hindi | हिन्दी

# बचपन में कैंसर हो जाने की स्थिति से गुज़रने के हर कदम पर निःशुल्क सहायता



Camp Quality

*क्या आपके परिवार में कोई बच्चा कैंसर से ग्रस्त है?*

# कैंप क्वालिटी यहाँ आपके लिए है!

**0–15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए हमारे मुफ्त सहायक कार्यक्रम आपके परिवार को फिर से एक-दूसरे से जोड़ सकते हैं, आगे के सफ़र के लिए प्रतिरोधक्षमता और आशावाद का निर्माण कर सकते हैं और बहुमूल्य, सुखद यादें बना सकते हैं।**

जब आप तैयार हों, तो हम यहां आपकी सहायता करने के लिए हैं, जितनी अधिक या फिर जितनी कम जैसी आपकी आवश्यकता हो।

फिलहाल के लिए, इसमें एक परिवार के रूप में अस्पताल से ब्रेक (विराम) ले पाना, या कैंसर के बारे में आपकी संतान के स्कूल को शिक्षित करने के लिए हमारी शिक्षा देने वाली कठपुतलियों के प्रदर्शन का आयोजन करना शामिल हो सकता है। हो सकता है कि आपको बस एक कैंसर शिक्षा एप्प चाहिए हो जो आपको यह समझाने में मदद करे कि आपकी संतान के साथ क्या हो रहा है।

कैंप क्वालिटी 40 से अधिक वर्षों से कैंसर से पीड़ित बच्चों की सहायता कर रहा है। हम जानते हैं कि आपके परिवार को फिर से एक-दूसरे से जुड़ने के अवसर कैसे देने हैं, और आपके बच्चों को सुरक्षित, मज़ेदार, सहायक अनुभवों के साथ फिर से बस बच्चे बनने का मौका कैसे देना है।

**इसमें शामिल होना आसान है ...**

*अपने परिवार को ऑनलाइन रजिस्टर करने के लिए यहां स्कैन करें*

अनुवाद किए गए फॉर्म और दुभाषिया सेवा के बारे में जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

पंजीकरण के बाद, हमारी टीम आपको कॉल करेगी और आपको बताएगी कि आपके परिवार के लिए, फिलहाल और भविष्य में, कौन से कार्यक्रम बहुत अच्छे होंगे।

या आप हमारी परिवार सहायता टीम के किसी मित्रवत सदस्य से सीधे **familysupport@campquality.org.au** पर ई-मेल करके या **1300 662 267** पर कॉल करके संपर्क कर सकते हैं।



# पारिवारिक सहायता गेटएवे (छुट्टियाँ मनाने का स्थान) [FAMILY SUPPORT GETAWAYS]

**फैमिली गेटएवेज़ (परिवार के साथ छुट्टियाँ मनाने का स्थान)**
अस्पताल के दिन-प्रतिदिन के तनाव से ब्रेक लें, या ऑस्ट्रेलिया के हर राज्य में स्थित हमारे 15 फैमिली गेटएवे (स्थानों) में से एक में, अपनी संतान के कैंसर के इलाज की समाप्ति के बाद कुछ दिनों के लिए इस सबसे दूर चले जाएं।

हम कैंप कवालिटी के साथ रजिस्टर करने वाले परिवारों को कैंसर से एक ब्रेक लेने और छुट्टी मनाने जैसी शैली वाले आवास में फिर से एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। सभी बातों का ध्यान रखा जाता है, जिससे आपको और आपके परिवार को विराम लेने, सोच-विचार करने और एक साथ रहने का मौका मिलता है - ताकि जो आगे होने वाला है उसकी योजना बनाई जा सके और ख़ुशियों भरी यादें बनाई जा सकें।

**आपातकालीन राहत**
यदि आप या आपके परिवार में से कोई बच्चे के कैंसर निदान के बाद स्थितियों का सामना करने में जूझ रहा है, या गंभीर मानसिक संकट का सामना कर रहा है, तो हम एक शांतिपूर्ण स्थान पर एक ऐसा आवास प्रदान करके जहाँ ज़रूरत की सब चीज़ें होती हैं, आपको समय बिताने का अवसर देकर आपकी मदद करते हैं।

हम उपशामक देखभाल (जीवन के अंत समय की देखभाल) से गुजरने वाले परिवारों, या दुखद रूप से, शोक की दिल दुखाने वाली स्थिति को झेल रहे परिवारों के लिए आपातकालीन राहत प्रदान करते हैं। हम आपकी जरूरत की हर चीज को इसमें शामिल करते हैं और इसके लिए आपको कोई शुल्क नहीं देना होता है, इसमें आपके द्वारा मिलकर बिताए जाने वाले समय की यादों को कैप्चर करने के लिए एक अनुभवी फोटोग्राफर, विशेष यादें बनाने के लिए आपके लिए बीस्पोक ऑफर (विशिष्ट रूप से तैयार प्रस्ताव), और आपके परिवार को एक-दूसरे से जुड़ने और सोच-विचार करने के लिए एक आरामदायक जगह उपलब्ध कराना शामिल है।

*"रोजमर्रा की जिंदगी के तनाव से दूर होना बहुत कारगर होता है। पीछे मुड़कर देखें तो हमारी यादें प्रबल और ख़ुशियों भरी हैं।"*

*- कैंप कवालिटी (CAMP QUALITY) में भाग लेने वाली माँ*



# मनोरंजन कार्यक्रम

**फैमिली कैंप (परिवार शिविर)**
अस्पताल के माहौल से दूर जाना और ऐसे अन्य परिवारों के साथ समय बिताना जो आपके जैसी ही चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, एक सहायक समुदाय का निर्माण करने और नए दोस्त बनाने का एक शानदार तरीका है।

कैंप क्वालिटी के फैमिली कैंप ऑस्ट्रेलिया भर में सुंदर हॉलिडे पॉर्कों और मनोरंजक परिवेशों में स्थित हैं। उनमें अन्य परिवारों के साथ आनंद लेने के लिए कई तरह की मनोरंजक, वैकल्पिक गतिविधियां शामिल हैं, साथ ही योजनाबद्ध तरीके से कुछ ऐसा समय जहाँ आप बच्चों के बिना रहेंगे और स्वयंसेवक आपके बच्चों का मनोरंजन करेंगे, जिससे आपको आराम करने या अन्य माता-पिता के साथ समय बिताने का समय मिलेगा।

**किड्स कैंप (बच्चों के शिविर)**
हम 40 से अधिक वर्षों से कैंसर से ग्रस्त बच्चों और उनके भाई-बहनों के लिए बहुत बढ़िया सिर्फ़ बच्चों वाले कैंप का आयोजन कर रहे हैं। किड्स कैंप आपके बच्चों को फिर से बस बच्चे बनने का मौका देता है, और चिकित्सकीय रूप से सुरक्षित, सहायक वातावरण में रोमांचक गतिविधियां करने का अवसर देता है। प्रत्येक बच्चे के साथ एक स्वयंसेवक साथी होता है ताकि यह सुनिश्चित हो कि वह सर्वश्रेष्ठ समय बिता पाएँ।

आपके बच्चे ऐसे दोस्त बनाएंगे जो यह समझते हैं कि वे किस स्थिति से गुजर रहे हैं और आपके बच्चे आपके साथ साझा करने के लिए नया आत्मविश्वास और कहानियाँ लेकर वापस आएंगे।

**वर्चुअल कैंप**
यदि आपके बच्चे कैंसर के कारण अस्पताल में, रिज़नल क्षेत्र में या घर पर हैं, तो वे तब भी कैंप का आनंद ऑनलाइन तरीके से ले सकते हैं। हमारे वर्चुअल कैंप लाइव-स्ट्रीम मनोरंजक अनुभव प्रदान करने वाले होते हैं। प्रत्येक बच्चे को कैंप-इन-द-बॉक्स मिलता है जो एक्शन से भरपूर चार घंटे के इंटरैक्टिव कनेक्शन के साथ उनके लिए आवश्यक सभी चीजों से भरा होता है।

*"फैमिली कैंप का मतलब है कि हम सभी अस्पताल यात्राओं से ब्रेक (विराम) ले सकते हैं और एक परिवार के रूप में फिर से एक-दूसरे से जुड़ने के लिए समय का आनंद ले सकते हैं और राइली (RILEY) के लिए बस एक बच्चे की तरह मौज़-मस्ती करते रहने के लिए कुछ समय खोज सकते हैं।*

*- कैंप क्वालिटी (CAMP QUALITY) में भाग लेने वाली माँ*



# शिक्षा कार्यक्रम

**कैंसर शिक्षण कार्यक्रम**
चाहे आपकी संतान इलाज के बाद रोजमर्रा की जिंदगी में वापस आना शुरू कर रही हो, या परिवार के किसी सदस्य के निदान का सामना कर रही हो, हमारी आकर्षक, शैक्षिक कठपुतलियों के प्रदर्शन को उनके स्कूल या चाइल्डकैअर सेंटर पर जाने के लिए किसी भी समय बुक किया जा सकता है।

एक इंटरैक्टिव, आयु के अनुसार उचित तरीके से कैंसर के बारे में पूरे स्कूल को शिक्षा प्रदान करके, कैंप क्वालिटी का कठपुतलियों का प्रदर्शन एक समावेशी स्कूली समुदाय का निर्माण करता है, और यह बुलिंग (डराने-धमकाने वाले व्यवहार) तथा अनुपस्थिति को कम करने और उपचार के बाद स्कूल वापस आना शुरू करने वाले बच्चों और उनके भाई-बहनों के लिए मानसिक भलाई को बढ़ावा देने के लिए प्रमाणित है।

बच्चे सीखते हैं कि 'आपको वातावरण से या एक-दूसरे से कैंसर नहीं होता है!' और बाल झड़ने या कीमोथेरेपी के अन्य शारीरिक प्रभावों के कारण उपचार के बाद दोस्त या माता-पिता अलग क्यों दिख सकते हैं। कार्यक्रम के भाग के रूप में शिक्षकों को पाठ्यक्रम-आधारित शैक्षिक संसाधनों का एक वर्ग प्रदान किया जाता है, ताकि कठपुतलियों के मंच छोड़ने के बाद भी लंबे समय तक बातचीत जारी रहे।

कठपुतली शो बुक करने के लिए, कॉल करें: **1300 662 267**।

*या यहां क्यूआर कोड स्कैन करें:*

***किड्स गाइड टू कैंसर* ऐप और वेबसाइट**
हमारा इंटरैक्टिव कैंसर शिक्षा संसाधन आपको अपने बच्चों के साथ कैंसर के बारे में बात करने में मदद करता है। यह एक दृश्यात्मक, मैत्रीपूर्ण तरीके से कठिन प्रश्नों का उत्तर देता है जो छोटे बच्चों के सीखने के लिए एकदम सही है।

*किड्स गाइड टू कैंसर* पांच भाषाओं में उपलब्ध है: अंग्रेजी, अरबी, हिंदी, कैंटोनीज़ और मैंडरिन। इसे App Store या Google Play से या फिर इस वेबसाइट के माध्यम से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है: **campquality.org.au/kids-guide-to-cancer**

*या यहां क्यूआर कोड स्कैन करें:*

*"आयु के अनुसार उचित एक ऐसा शो देखना बहुत अच्छा था जो छोटे बच्चों को यह समझने में मदद करता है कि उनके दोस्त किस स्थिति से गुजर रहे हैं, जिससे उन्हें सहानुभूति, करुणा और समझबूझ विकसित करने में मदद मिले।*

*- फियोना, स्कूल टीचर*



# जुड़ें!

**कैंसर हब**

कैंसर कठिन स्थिति है, इसलिए सहायता प्राप्त करना तो कठिन नहीं होना चाहिए। व्यक्तिगत कैंसर नेविगेटर के माध्यम से अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपलब्ध सभी सहायता सेवाओं तक पहुँचने के लिए, कॉल करें: **1800 431 312।**

*या यहां क्यूआर कोड स्कैन करें:*

# पारिवारिक गतिविधियाँ

**फैमिली फन डेज़**

फैमिली फन डे में ऐसे अन्य परिवारों से जुड़ें जो आपकी समान स्थितियों का सामना कर रहे हैं। चिड़ियाघर, थीम पार्क और बोट क्रूज़ (नाव परिभ्रमण) जैसे स्थानों के ये सामूहिक सैर-सपाटे अंततः एक विशेष दिन में एक साथ कुछ पारिवारिक मनोरंजन करने का मौका होते हैं, ताकि जीवन भर साथ रहने वाली यादें बनाई जा सकें।

**परिवार के अनुभव**

फिल्में, शो, खेलकूद और अन्य रोमांचक गतिविधियाँ देखने के लिए मुफ्त टिकटें पा कर कैंसर से ब्रेक लेने का आनंद लें। आपके परिवार के लिए अस्पताल के तनाव से दूर होने का यह अनमोल समय होता है। हमें उम्मीद है कि जब आप अपनी संतान की कैंसर यात्रा को वापस देखेंगे, तो ये क्षण आपको मुस्कुराने और भविष्य के बारे में सकारात्मक महसूस करने का एक कारण देंगे।



"कैंप क्वालिटी ने हमें अपने
जीवन में फिर से कुछ मनोरंजन
कर पाने का मौका दिया।

बच्चों को ऐसी नई चीज़ें करने
का मौका मिला जिन्हें हम
खरीद नहीं सकते थे।

मैं बहुत आभारी हूँ। मैं आपको
बता नहीं सकती कि एक
परिवार के रूप में इससे हमें
कितनी मदद मिली।"

- कैंप क्वालिटी (CAMP QUALITY)
में भाग लेने वाली माँ

Camp Quality

campquality.org.au
1300 662 267